आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार
दिनांकः 12.01.2026 समय : 18.30 पीएम

- प्रदेश में स्वामी विवेकानंद की जयंती राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम–जयपुर में राज्य स्तरीय समारोह में मुख्यमंत्री भलनलाल शर्मा ने एक लाख सरकारी भर्ती का कैलेण्डर जारी कियां
- केन्द्रीय बजट 2026–27 आगामी 1 फरवरी रविवार को लोकसभा में पेश किया जाएगां
- राज्य में विभिन्न स्थानों पर शीतलहर चलने से कड़ाके की ठण्ड का दौर–13 शहरों में तापमान 5 डिग्री से नीचें
- जयपुर में 14 जनवरी को ''काइट फेस्टिवल'' आयोजित किया जाएगां

000

स्वामी विवेकानंद की जयंती को आज प्रदेशभर में राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया गयां इस अवसर पर राज्य स्तरीय महोत्सव जयपुर के एसएमएस स्टेडियम में आयोजित किया गयां मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने महोत्सव को संबोधित करते हुए कहा कि युवा शक्ति ने हर युग में राष्ट्र की दिशा बदली हैं इस अवसर पर श्री शर्मा ने नई युवा नीति–2026, रोजगार नीति और एक लाख सरकारी भर्ती कैलेण्डर जारी कियां इसके साथ ही मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना का भी शुभारंभ किया गयां उन्होंने इसके साथ ही, युवाओं को यूथ आइकॉन अवॉर्ड से भी सम्मानित कियां मुख्यमंत्री ने कहा कि नई नीति से युवाओं का सशक्तिकरण होगां श्री शर्मा ने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने भी युवाओं को राष्ट्र निर्माण के लिए सेवा से जुड़ने को कहा थां उन्होंने कहा कि राज्य सरकार युवाओं को आगे बढ़ाने के लिए हर संभव प्रयास कर रही हैं

................

राष्ट्रीय युवा दिवस पर प्रदेश के अन्य जिलों में भी विभिन्न आयोजन हुएं कोटा में हुए एक कार्यक्रम में राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने कहा कि स्वामी विवेकानन्द ने व्यक्ति को दृढ़ संकल्प कर निडरता से आगे बढ़ने की प्रेरणा दीं उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानन्द युवाओं को कहते थे कि आत्मविश्वास के साथ जीवन में कोई भी लक्ष्य पूरा किया जा सकता हैं श्री बागड़े ने कहा कि जीवन में सकारात्मक विचार रखना आवश्यक है क्योंकि विचार ही भविष्य का निर्माण करते हैं उन्होंने इस अवसर पर सामाजिक सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाली कोटा की 31 संस्थाओं को सम्मानित कियां

राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर जोधपुर में रन फॉर स्वदेशी का आयोजन किया गयां नये भारत का संकल्प–स्वदेशी और स्वावलम्बन थीम पर आयोजित इस रन को जोधपुर सर्किट से शिक्षा और पंचायतीराज मंत्री मदन दिलावर ने हरी झंडी दिखा कर रवाना कियां रन फॉर स्वदेशी में जोधपुर शहर के हज़ारो विद्यार्थियों ने हिस्सा लियां इस मौके पर जोधपुर में जिला स्तरीय युवा संबल मेले का भी आयोजन किया गयां मेले में 20 विभिन्न क्षेत्रों की 70 से अधिक कंपनियों ने सहभागिता की और युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान किएं बड़ी संख्या में युवाओं ने पंजीकरण कर साक्षात्कार प्रक्रिया में भाग लियां कार्यक्रम के दौरान प्रभारी और शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र और सहायता राशि के चेक वितरित किएं उन्होंने युवाओं से स्वरोजगार और कौशल विकास योजनाओं का अधिकाधिक लाभ उठाने का आह्वान कियां कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से युवाओं से सीधा संवाद कियां

पाली में युवाओं ने स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर फूल चढ़ायें साथ ही सड़क सुरक्षा की शपथ लीं वहीं एक निजी कॉलेज में भाषण और निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गईं बाड़मेर में स्कूलों में विभिन्न कार्यक्रम हुएं भरतपुर और सलूम्बर में स्वदेशी संकल्प दौड़ हुईं

000

केंद्रीय बजट 2026–27 आगामी 1 फरवरी रविवार को लोकसभा में पेश किया जाएगां संसद का बजट सत्र इस महीने की 28 तारीख से शुरू होकर 2 अप्रैल तक चलेगां लोकसभा अध्यक्ष ओम

बिरला ने आज नई दिल्ली में संवाददाता सम्मेलन में एक सवाल के जवाब में बताया कि सदन में बजट पेश करने की प्रक्रिया पहली फरवरी को सुबह 11 बजे शुरू होगीं बजट सत्र का पहला चरण, 28 जनवरी से शुरू होकर 13 फरवरी तक चलेगां सत्र का दूसरा चरण 9 मार्च से 2 अप्रैल तक होगां

000

राष्ट्रमंडल संसदों के अध्यक्षों और पीठासीन अधिकारियों का 28वां सम्मेलन–सीएसपीओसी 14 जनवरी से नई दिल्ली में शुरू होगां तीन दिन का यह सम्मेलन 16 जनवरी तक चलेगां यह सम्मेलन साठ से अधिक राष्ट्रमंडल देशों और अर्ध–स्वायत्त संसदों के अध्यक्षों और पीठासीन अधिकारियों को एक मंच प्रदान करेगां नई दिल्ली में संवाददाताओं से बातचीत में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि पहले दिन कार्यकारी परिषद की बैठक होगीं उन्होंने कहा कि संसद में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के उपयोग, सांसदों को सोशल मीडिया के असर, संसद और सुरक्षा, स्वास्थ्य और सांसदों के आरोग्य की सार्वजनिक समझ बढ़ाने सहित विभिन्न विषयों पर सम्मेलन के दौरान सत्र आयोजित किए जाएंगें श्री बिरला ने कहा कि यह महत्वपूर्ण कार्यक्रम भारत की लोकतांत्रिक और संसदीय यात्रा में ऐतिहासिक भागीदारी और एक गौरवशाली क्षण को दर्शाता हैं

...............

000

प्रदेश में विभिन्न स्थानों पर शीतलहर चलने से कड़ाके की ठण्ड का दौर बना हुआ हैं सीकर के फतेहपुर में आज दूसरे दिन भी पारा शून्य से नीचे दर्ज किया गयां इसके अलावा बीकानेर के लूणकरणस में शून्य दशमलव चार डिग्री सेल्सियस रहां श्रीगंगानगर, चूरू, जैसलमेर, झुंझुनूं, दौसा, करौली और अलवर में रात का पारा 3 डिग्री सेल्सियस से नीचे रहां झुंझुनूं फलौदी और सीकर के पलसाना में कई जगह फसलों पर ओस की बूंदे जमी देखी गईं वहीं जैसलमेर और कोटपूतली–बहरोड़ में वाहनों पर भी बर्फ की हल्की परत नजर आईं मौसम विशेषज्ञों के अनुसार इस बार रात के साथ दिन में भी ठिठुरन महसूस की जा रही हैं सर्द हवाओं के कारण दिन का तापमान भी सामान्य से 5–6 डिग्री सेल्सियस नीचे रिकॉर्ड किया जा रहा हैं इससे कई क्षेत्रों में कोल्ड डे की स्थिति बनी हुई हैं इस बीच मौसम केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर शीतलहर की स्थिति अभी जारी रहने की संभावना हैं

...............

कड़ाके की ठण्ड को देखते हुए जयपुर सहित 11 जिलों में स्कूलों की छुट्टियां बढ़ा दी गई हैं वहीं कुछ जिलों में स्कूलों का समय बदला गया हैं

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि युवाओं की ऊर्जा और शक्ति से ही विकसित भारत और विकसित राजस्थान के सपने को साकार किया जा सकता हैं उन्होंने कहा कि राज्य सरकार युवाओं के सपनों को साकार करने तथा उनके सशक्तिकरण के लिए संकल्पित हैं श्री शर्मा आज मुख्यमंत्री निवास पर सार्वजनिक क्षेत्र में रूचि रखने वाले छात्रों से बजट पूर्व संवाद कर रहे थें मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने युवाओं में उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं उन्होंने कहा कि 3 लाख से अधिक युवाओं को आर्थिक क्षेत्रों में कौशल प्रशिक्षण प्रदान किया गया हैं राज्य सरकार द्वारा करीब 2 लाख युवाओं को इंटर्नशिप, 65 आई स्टार्टअप लॉन्चपैड नेस्ट की स्थापना तथा 658 स्टार्टअप्स को सहायता दी गई हैं

000

उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कहा है कि राज्य सरकार अपनी सभी योजनाओं को धरातल पर ला रही हैं उन्होंने आज अजमेर के किशनगढ़ में जनप्रतिनिधियों और विभिन्न समूहों के साथ जन संवाद कार्यक्रम के बाद पत्रकारों से बातचीत में कहा कि राज्य की भजनलाल सरकार काम करके दिखाने की इच्छा रखती है और आने वाले बजट में भी जो घोषणाएं की जाएंगी, सरकार उन्हें पूरा करेगीं उपमुख्यमंत्री ने कहा कि केन्द्र द्वारा लाई गई विकसित भारत जी राम जी योजना से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा और पूरी पारदर्शिता के साथ स्थाई विकास के काम होंगें

...............

000

राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने 78वें सेना दिवस के उपलक्ष्य में जयपुर में लगाई गई 'नो योर आर्मी' प्रदर्शनी का आज अवलोकन कियां इस दौरान उन्होंने सेना की ताकत, तकनीकी क्षमता और शौर्य प्रदर्शन की सराहना कीं

इस बीच, कल जयपुर में सेना दिवस परेड की तीसरी फुल ड्रेस रिहर्सल होगीं जगतपुरा में महल रोड़ पर होने वाली इस रिहर्सल में भारतीय सेना के साहस, पराक्रम, अनुशासन और आधुनिक युद्ध क्षमता का जीवंत प्रदर्शन देखने को मिलेगां

000